## नेहरू महाविद्यालय में कार्यक्रम

# खेल दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मागदर्शन में खेल दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय एवं वरिष्ठ खिलाड़ियो का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने कहा कि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों का महासंगम हुआ है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, शतरंज खिलाड़ी मोहम्मद हारून, फुटबाल के विल्सन सतुर, एथलेटिक्स एस. हनुमंतराव, वॉलीवाल के चिंतामण यादव, टेलब टेनिस के रामलखन साहू, बेडमिंटन के राजेन्द्र उववने, हॉकी के ललित किशोर नारंग आदि उपस्थित थे। मोहम्मद हारूण बेग ने कहा कि महाविद्यालय में आकर विद्यार्थी जीवन याद आ गया। एस.हनुमंतराव ने अपने खेल जीवन पर प्रकाश डाला। श्री नारंग ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। फिरोज अंसारी ने भी महाविद्यालय में उपस्थित होते हुए कहा कि समारोह में शामिल होना अविस्मरणीय पल है। हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे ने भी प्रथम बार महाविद्यालय आगमन पर प्रसन्नता जताई। प्राचार्य ने अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने किया। इस अवसर पर विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनीश तुरकर, डाकेश्वर वर्मा, दीपेश डे, उज्जवल गेडाम, वंदना आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम**

## नेहरु महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

# खेल दिवस पर हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद

**डोंगरगढ़ (नईदुनिया न्यूज)।** नेहरु महाविद्यालय डोंगरगढ़ में खेल दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजवलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. केएल टांडेकर ने कहा कि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले के विभिन्न खेला विधाओं के वरिष्ठ खिलाडियों का महासंगम महाविद्यालय में होना निश्चित ही गौरव की बात है और महाविद्यालय इन विभूतियों को अपने बीच पाकर काफी गौरवांवित है। कार्यक्रम के रोल माडल अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाडी मृणाल चौबे को अपने बीच पाकर महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित थे। छग हाकी फेडरेशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, डोंगरगढ़ के वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी मोहम्मद हारून, फुटबाल के विल्सन सतुर, एथलेटिक्स के एस हनुमंतराव, वालीवाल के चिंतामण यादव, टेलब टेनिस के रामलखन साहू, बेडमिंटन के राजेंद्र उवने, हाकी के ललित किशोर नारंग मौजूद रहे।



खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। ● नईदुनिया

**खेल के प्रति किया जागरुक :** मोहम्मद हारूण बेग ने कहा कि इस महाविद्यालय में आकर अपना विद्यार्थी जीवन की याद आ गई।महाविद्यालय परिवार ने हम जैसे वरिष्ठ खिलाडियों को सम्मान देकर हमारा मान बढ़ाया है और मुझे ऐसा लगा कि मैंने ओलंपिक का गोल्ड मैडल हासिल कर लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक किया। एस हनुमंतराव ने खेल जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। प्राचार्य द्वारा समस्त अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी डा.मुन्नालाल नंदेश्वर, डा.प्रदीप कुमार जांबुलकर, विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनीश तुरकर, डाकेश्वर वर्मा, दीपेश डे, उज्जवल गेडाम, वंदना व अन्य मौजूद रहे।

उपरवाह में भी मनाया गया।

# सम्मानित किए गए जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी

## नेहरू कॉलेज में खेल दिवस पर आयोजन, एस हुनमंत राव ने खेल के प्रति जागरूक होने दी प्रेरणा

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू कॉलेज में खेल दिवस पर जिले के विभिन्न खेलों के अंतरराष्ट्रीय व वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि यह पहला अवसर होगा जब कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर जिले के विभिन्न खेल विधाओं के वरिष्ठ खिलाड़ियों का महासंगम हुआ। कार्यक्रम के रोल मॉडल अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं उत्साहित दिखे।

छत्तीसगढ़ हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी व डोंगरगढ़ के वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी मोहम्मद हारून, फुटबॉल के विल्सन सतुर, एथलेटिक्स के एस हनुमंतराव, वॉलीवाल के चिंतामणि यादव, टेबल टेनिस के रामलखन साहू, बैडमिंटन के राजेंद्र उजवने, हॉकी के ललित किशोर नारंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोहम्मद हारूण बेग ने कहा कि कॉलेज में आकर अपने छात्र जीवन की याद आ गई। महाविद्यालय परिवार ने खिलाडियों को सम्मान देकर हमारा मान बढ़ाया है। एस हनुमंतराव ने अपने खेल जीवन पर प्रकाश डाला व उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। नारंग ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला।



डोंगरगढ़. खेल दिवस पर जिलेभर के वरिष्ठ खिलाड़ियों का किया सम्मान।

### मन में ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं : चौबे

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि किसी भी कार्य को करने के लिए यदि मन में ठान ले तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उन्होंने अपने खेल जीवन के विभिन्न पलों को साझा किया। प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने अतिथियों को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान बढ़ाया। संचालन क्रीडा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर व आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर ने किया। इस अवसर पर विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनिश तुरकर, डाकेश्वर वर्मा, दीपेश डे, उज्जवल गेडाम, वंदना सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में खेल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन




**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ.के.एल.टाण्डेकर के मार्गदर्शन में शारिरीक शिक्षण विभाग द्वारा 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद जी की 161 वी जयंती के अवसर पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चैबे एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टाण्डेकर एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी के तैलचित्र पर अतिथियो द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियो का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टाण्डेकर ने अपने इस अतिथि व्याख्यान के गरीमामय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर संदेश दिया कि वर्तमान में पूरा देश जिस महामारी से जूझ रहा है इन सबको देखते हुए सभी को कुछ न कुछ खेलो में भाग लेकर अपने आप को स्वस्थ्य रखना अति आवश्यक है। यदि हम स्वस्थ्य रहेंगे तो हमारा मानसिक एंव शारिरीक विकास होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने भी अपने उद्बोधन में समस्त खेलो के बारे में जानकारियां दी एवं सभी को संदेश दिया कि प्रतिदिन खेलना अतिआवश्यक है और इसके साथ ही एक लक्ष्य निर्धारित करना अति आवश्यक है ताकि हम उस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सके। अंत में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने भी अपने इस संघर्षमय जीवन के बारे में छात्र-छात्राओ को बताया कि कडी मेहनत, लगन, अनुशासन, समय का यदि हम ध्यान रखेंगे तो निश्चित ही हम अपने मुकाम पर अवश्य ही पहुच पायेंगे। इस अतिथि व्याख्यान में हॉकी से संबंधित सभी खेल कौशल और उनके नियमों और चयन के संबंध में बहुत ही विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डाकेश्वर वर्मा की ओर से भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर एवं आभार सहा.प्राध्या. डॉ. ई.व्ही. रेवती ने किया। इस अवसर पर विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनीश तुरकर, दीपेश डे, उज्जवल गेडाम, वंदना सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शास. नेहरू महाविद्यालय में पब्लिक हेल्थ एवं न्यूट्रिशन विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेव्हलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ के.एल. टांडेकर एवं गृह विज्ञान, विभागाध्यक्ष डॉ तरन्नुम तथा आई.क्यू.एसी. सेल प्रभारी डॉ. ई.व्ही. रेवती के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23 अगस्त से 29 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से 7 दिवसीय फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका थीम पब्लिक हेल्थ एवं न्यूट्रिशन पर आधारित था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार फैकल्टि विकास हेतु प्रत्येक महाविद्यालय में फैकल्टि डेवलपमेंट का आयोजन कराना अनिवार्य है। इस अनिवार्यता को देखते हुये, महाविद्यालय का यह प्रथम फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम आयोजन था। जिसमें 07 दिवस तक भारत के अलग-अलग राज्यों से विषय विषेषज्ञो के द्वारा पी.पी.टी., प्रश्नावली के माध्यम से अपने विचार, प्रशिक्षण एवं व्याख्यान प्रस्तुत कर, महाविद्यालय परिवार के साथ ही, कार्यक्रम में जुड़े श्रोतागण लाभान्वित हुवे। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 23 अगस्त को डॉ. अरूणा पल्टा, कुलपती हेमचंद विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया, कुलपति के द्वारा प्रथम दिवस में कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार यह कार्यक्रम सभी महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से कराया जावे, तथा गृह विज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए, चयनित विषय तथा विषय विषेषज्ञों की सराहना करते हुये, कुलपति डॉ. पल्टा ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण से जुड़े समस्त श्रोतागण लाभान्वित होंगे। गृह विज्ञान, विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ तरन्नुम के द्वारा फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य का उल्लेख किया गया। प्रथम दिवस में यूनिसेफके स्वास्थय अधिकारी डॉ. गजेन्द्र सिंह के द्वारा रोल ऑफयूनिसेफइन पब्लिक हेल्थ एवं न्यूट्रिशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। द्वितीय दिवस 24 अगस्त को बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी की प्राध्यापक, डॉ. इंदिरा बिष्नोई, द्वारा इम्पाटेंस ऑफ कम्यूनिकेशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा वर्तमान में विभिन्न फैकल्टिज के समक्ष संचार से संबंधित आ रही तथा आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा ऑन लॉईन शिक्षा पध्दति को कम्यूनेकेशन के माध्यम से किस तरह उत्कृष्ट बनाया जावे इस पर अपने विचार व्यक्त किये। तृतीय दिवस 25 अगस्त को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, चंडीगढ़, पंजाब से प्राध्यापक, डॉ. भवनीत कौर द्वारा रोल ऑफ डाईट ऑफ क्रोनिक डिसिज विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें दीर्घकालिक बिमारियों कैसे एवं किस कारणों से होती है, तथा इनसे कैसे बचा जावे, एवं इन बिमारियों के साथ कैसे आहार लेकर सुरक्षित रहते हुए जीवन-यापन किया जा सकता है, व्याखान प्रस्तुत किया गया। चतुर्थ दिवस 26 अगस्त को शासकीय दूधाधारी महाविद्यालय, रायपुर की प्राध्यापक डॉ. अभ्या जोगलेकर द्वारा प्री बॉयोटिक्स एवं प्रो बॉयोटिक्स विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया, मानव शरीर में पाये जाने वाले लाभदायक एवं हानिकारक, पिंक बॉयोटिक बैक्टिरिया का भी उल्लेख प्रस्तुत किया। पंचम दिवस 27 अगस्त को डॉ. प्रदीप अग्रवाल, एम.डी. हेल्थ एवं मेडिसीन एम्स, ऋषिकेष उत्तराखंड के द्वारा आर.डी.ए. 2010 से 2020 का उल्लेख किया गया कि विभिन्न आर्थिक समूहों उनके कार्य, उनकी आयु, उनके लिंग के अनुसार दैनिक प्रस्तावित पोषक तत्वों की मात्रा में क्या-क्या परिवर्तन किया गया है एवं ये परिवर्तन क्यों किये गये है। छठवें दिवस 27 अगस्त को डॉ. आर. बाला, शशिरेखा, सहायक प्राध्यापक, डिपार्टमेंट पूह शाईंस एवं अविनाषी लिंगम इंस्टीट्यूट ऑफहोम साईंस एवं हॉयर एजूकेशन एवं फॉर ह्यूमन, तमिलनाडू के द्वारा बेनिफिशयल रोल ऑफ माइक्रो ऑर्गेनिजम इन फूड इन्डस्ट्रीज विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उक्त फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम के अंतिम दिवस 29 अगस्त को डॉ. मोनालिसा राऊत, क्रिनिकल डॉईटिशियन, कलिंगा हॉस्पिटल, भुवनेश्वर उडिसा के द्वारा डाईट एवं लाईफस्टाईल ऑफ्टर कोविड् विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, साथ ही साथ इनके द्वारा उल्लेखित किया गया कि विभिन्न बिमारियों से ग्रसित जैसे मधुमेह, उक्त रक्तचाप, अर्थराटिज, निम्न रक्त चॉप, कब्ज, ओबेसिटी, गर्भावस्था आदि में कोरोना कॉल में किस तरहतथा कितनी मात्रा में आहार एवं पोषक तत्व का समावेश किया जावे, तथा कोविड पाजिटीव अवस्था से ठीक होने उपरांत किस तरह का आहार एवं कितने पोषक तत्वों की मात्रा की आवष्यकता होती है, विस्तृत उल्लेख प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री टांडेकर ने फैकल्टी डवलेपमेन्ट 07 दिवसीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व्याख्यान एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे; विभिन्न राज्यों से जुड़े प्रवक्ताओं एवं श्रोतागण का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. तरन्नुम एवं आई.यू.ए.सी. प्रभारी, प्राध्यापक डॉ. रेवती ने महाविद्यालय परिवार की ओर से फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विषय विषेषज्ञ एवं श्रोतागणों का आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उक्त 7 दिवसीय फेकेल्टी डेव्हलपमेंट प्रोग्राम को संपन्न कराने में महाविद्यालय के टेक्निकल एक्सपर्ट संदीप गजभिये का उत्कृष्ट तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। अंत में समस्त प्रतिभागियों को महाविद्यालय की ओर से ई-सर्टीफिकेट प्रदान किया गया।



## नेहरू महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# पब्लिक हेल्थ व न्यूट्रिशन विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छग) में प्राचार्य डॉ केएल टांडेकर एवं गृह विज्ञान, विभागाध्यक्ष डॉ. तरन्नुम तथा आईक्यूएसी सेल प्रभारी डॉ. ईव्ही रेवती के संयुक्त तत्वाधान में 23 अगस्त से 29 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से 7 दिवसीय फैकल्टी डवलेपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका थीम पब्लिक हेल्थ एवं न्यूट्रिशन पर आधारित था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार फैकल्टि विकास हेतु प्रत्येक महाविद्यालय में फैकल्टि डेवलपमेंट का आयोजन कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय का यह प्रथम फैकल्टी डवलेपमेन्ट कार्यक्रम आयोजन था। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ 23 अगस्त को डॉ. अरूणा पल्टा, कुलपती हेमचंद विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया, कुलपति के द्वारा प्रथम दिवस में कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार यह कार्यक्रम सभी महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से कराया जावे, तथा गृह विज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए, चयनित विषय तथा विषय विषेषज्ञों की सराहना करते हुये, कुलपति डॉ. पल्टा ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण से जुड़े समस्त श्रोतागण लाभान्वित होंगे।

# शारीरिक शिक्षण विभाग में एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू महाविद्यालय में 17 अगस्त को शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मागदर्शन में एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अतिथि व्याख्यान में अंचल ओझा विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।

प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी कर्मचारियों को प्रतिदिन व्यायाम करने का संदेश दिया। व्यायाम के महत्व एवं इससे जीवन में होने वाले बदलावों के बारे तथा खेलों की विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ अंचल ओझा ने भी खेल के कौशल्य एवं उससे होने वाले लाभ, तकनीक, एवं प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# नई शिक्षा नीति में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता विषय पर नेहरू महाविद्यालय में हुई एक दिवसीय खंड स्तरीय कार्यशाला

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के दिशा निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरूष ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी बी.आर. सिवारे एवं महिला ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी के मागदर्शन में 11 सितम्बर दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे भारत की शिक्षा नीति के तहत् नई शिक्षा नीति में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता विषय पर खंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं पदेन उपसचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन डॉ.समरेन्द्र सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगांव डॉ.एस.के.पटेल तथा संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर उपस्थित रहे। कार्यशाला का आरंभ स्वामी विवेकानंद एवं माँ सरस्वती के शैलचित्र पर पूजा अर्चना पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत उठे समाज के लिए उठे-उठे के साथ हुआ। तदपश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के स्वागत भाषण में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में अच्छे इंसानों का विकास करना है , जो तर्क संगत विचार और कार्य करने में सक्षम हो जिसमे करुणा और सहानुभूति, साहस और लचीलापन, वैज्ञानिक चिंतन और रचनात्मक कल्पनाशक्ति, नैतिक मूल्य और आधार हों। इसका उद्देश्य ऐसे उत्पादक लोगो को तैयार करना है जो की अपने सविधान द्वारा परिकल्पित - समावेशी और बहुलतावादी समाज के निर्माण मे बेहतर तरीके से योगदान करे। एक अच्छी शैकक्षणिक संस्था वह है जिसमे प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता है और उसकी देखभाल की जाती है, जहां एक सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मौजूद होता है। इसके पश्चात् कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.एस.के.पटेल ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना से ही स्कुल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राये स्वयंसेवकों के रूप में अधिक से अधिक जुड़े जिससे समाज-कार्य या समाजसेवा तथा राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सके क्योकि समाजसेवा एक शैक्षिक एवं व्यावसायिक विधा है जो सामुदायिक सगठन एवं अन्य विधियों द्वारा लोगों एवं समूहों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने का प्रयत्न करता है। सामाजिक कार्य का अर्थ है सकारात्मक, और सक्रीय हस्तक्षेप के माध्यम से लोगों और उनके सामाजिक माहौल के बीच अन्तःक्रिया प्रोत्साहित करके व्यक्तियों की क्षमताओं को बेहतर करना ताकि वे अपनी ज़िंदगी की ज़रूरतें पूरी करते हुए अपनी तकलीफ़ें को कम कर सकें। इस प्रक्रिया में समाज-कार्य लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने और उन्हें अपने ही मूल्यों की कसौटी पर खरे उतरने में सहायक होता है। समाज सेवा आधार पर, समूह अथवा समुदाय में व्यक्तियों की सहायता करने की एक प्रक्रिया है, जिससे व्यक्ति अपनी सहायता स्वयं कर सके। इसके माध्यम से सेवार्थी वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में उत्पन्न अपनी समस्याओं को स्वयं सुलझाने में सक्षम होता है।



कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ.समरेन्द्र सिंह ने अपने उद्‌बोधन में इस कार्यशाला के आयोजन पर बधाई दिया और कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा नई शिक्षा निति के तहत् शैक्षणिक संस्थाओ में रोजगार सबंधी विषय को लागु किया जाये जिससे छात्र-छात्रों को अधिक से अधिक स्वरोजगार प्राप्त हो सके। उच्चतर शिक्षा मनुष्य और साथ ही समाज कल्याण के विषय में अति आवश्यक भूमिका निभाती है। जैसा की हमारे सविधान में भारत को एक लोकतान्त्रिक, न्यायपूर्ण, सामाजिक रूप से सचेत, सांस्कृतिक और मानवीय राष्ट्र जहां सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और भाईचारे का भाव हो, एक ऐसे राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। एक राष्ट्र के आर्थिक विकास और आजिविकाओ को स्थावित्य देने में भी उच्चतर शिक्षा एक महत्वपूर्ण योगदान देती है। जैसे-जैसे भारत ज्ञान आधारित अर्थव्यस्था और समाज की ओर बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे और अधिक भारतीय युवा उच्चतर-शिक्षा की ओर बढ़ेंगे। उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा द्वारा व्यक्तिगत उपलब्धि और ज्ञान, रचनात्मक सामाजिक सहभगिता और समाज में उत्पादक योगदान को सक्षम करना चाहिए । इसे छात्रों को अधिक सार्थक और संतोषजनक जीवन और कार्य भूमिकाओ के लिए तैयार करना चाहिए और आर्थिक स्वतंत्रता सक्षम करना चाहिए।

मुख्य अतिथि के उद्‌बोधन पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी बी.आर.चंद्रवंशी, शासकीय महाविद्यालय लाल बहादुरनगर द्वारा समस्त अतिथियों एवम कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. आशा चौधरी, एस. कुमार गौर, अनिल पाल, बी.आर.चंद्रवंशी, बीरसिंग यादव,गणेश यादव,मुन्नालाल साहू, दनेश्वर निर्मलकर, श्रीमती उज्जवने, साथ ही महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, डॉ.ई.व्ही.रेवती, डॉ.प्रदीप कुमार जामुलकर, डॉ.मुन्नालाल नंदेश्वर,नितेश तिरपुड़े तथा विभिन्न स्कूल और महाविद्यालय से उपस्थित सभी स्वयंसेवक का आभार प्रदर्शन एवं धन्वाद व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मुन्नालाल साहू, शासकीय स्कूल मुसरा द्वारा किया गया।

# वैल्यू एडेड कोर्स के तहत नेहरू महाविद्यालय में 30 घंटे का स्पोकन इंग्लिश कोर्स संपन्न



**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ.के.एल. टाण्डेकर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 30 दिवसीय 30 घंटे का वेल्यू एडेड स्पोकन इंग्लिश कोर्स का संचालन विद्यार्थियों के हितो एवं कौशल विकास 29 जुलाई से 28 अगस्त तक एक माह तक कराया गया। उक्त वेल्यू एडेड कोर्स के संचालन में प्रमुख भूमिका आईक्यू.ए.सी. सेल प्रभारी तथा विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग डॉ. ई.व्ही. रेवती तथा गृह विज्ञान, विभागाध्यक्ष डॉ तरन्नुम द्वारा उक्त कार्यक्रम को संचालित किया गया। वेल्यू एडेड कोर्स में स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मामून अली रिजवी, प्रशिक्षक ऑक्सफोर्ड स्पोकन इंग्लिश क्लासेस द्वारा प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण 30 दिवस तक प्रदान किया गया तथा 30 दिवस के प्रशिक्षण उपरांत 04 घंटे का रिविजन क्लासेस संचालित की गई। 30 दिवस की कक्षाएं पूर्णतः सैद्धान्तिक थी तथा पाठ्यक्रम इकाईयों में विभक्त था। वेल्यू एडेड कोर्स अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय के आदेशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय में संचालित करना अनिवार्य है, जिससे विद्यार्थियों की आवश्यकताएं रोजगारपरक, सामाजिक हित एवं सामुदायिक विकास से जुड़े हुए होने चाहिए। स्पोकन इंग्लिश कोर्स का प्रारंभ दुर्ग विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा मेडम के द्वारा दिनांक 29 जुलाई को किया गया था। कुलपति डॉ. पल्टा द्वारा महाविद्यालय द्वारा किए गये इस आयोजित कोर्स की सराहना की तथा उन्होंने यह संदेश दिया कि वर्तमान में यह कोर्स प्रत्येक महाविद्यालय में करवाया जाना चाहिए, क्योंकि यह कोर्स विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है साथ ही साथ यह कोर्स विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ ही अतिरिक्त व्यक्तिगत् विकास हेतु भी लाभकारी होगा। स्पोकन इंग्लिश की क्लॉसेस की परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को 10 दिवस का समय प्रदान करने पश्चात् दिनांक 15 एवं 16 सितम्बर तक गूगल फर्म के माध्यम से परीक्षाएं ली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पोकन इंग्लिश की क्लॉसेस कक्षा के संचालन में समिति के सदस्य श्रीमती तुलिका चक्रवती, श्रीमती उमा महोबिया एवं वर्षा मेश्राम ने अपना योगदान दिया।

# नेहरू महाविद्यालय में धूमधाम से मना कौमी एकता दिवस



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज के प्राचार्य केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बीआर शिवारे तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी के तत्वधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा कौमी एकता दिवस मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा भिन्न-भिन्न कौम जैसे हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई धर्म की धार्मिक वेशभूषा धारण करके कौमी एकता दिवस का नारा लगाकर प्रभात फेरी करते हुए नगर भ्रमण किया तथा महाविद्यालय में मानव' श्रृंखला बनाकर छात्र छात्राओं को एकता के प्रति जागरूक किया।

100 स्वयं सेवकों की प्रभात फेरी एवं मानव श्रृंखला में दलनायक-विक्की रामटेके, नंदनी साहू, उप दल नायक राजाराम सिन्हा साथ ही स्वयंसेवक राकेश वर्मा, रमन साहू ,प्रज्वल ,सुभांस ,कौशल, प्रियंका, दीपशिखा, प्रियंका सहारे, उमाकांत साहू, दबली वर्मा, मानसी वर्मा, अकरम, अनवर, बिंदु साहू, मीना, मोनिका, मनीष, पायल, जागेश्वरी, महेश बोरकर, दिशा, दिव्या, ऐश्वर्या, अंजलि, किरण सहित बडी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# नेहरू कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ



**डोंगरगढ़ @ पत्रिका.** शासकीय नेहरू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी बीआर सिवारे एवं महिला इकाई से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय शिविर खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम करेला भंडारपुर में 23 से 29 दिसंबर तक आयोजित किया गया है जिसका थीम ग्रामीण विकास के लिए युवा शिविर रखा गया है। 23 दिसम्बर को शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अनुसुइया नगपुरे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुढ़ीपार कोमल दास साहू, भंडारपुर प्राचार्य ललित मोहन दास, ग्राम पंचायत ग्राम भंडापुर सरपंच लक्ष्मीकांत वर्मा, ग्राम पंचायत दैहान सरपंच दिनेश्वरी दुलेश वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत करेला कौशल्या, देव लाल कवर, पससाही सरपंच पलटू राम साहू, शाला विकास एवं प्रबंध समिति भंडारपुर अध्यक्ष जगन सेन, सदस्य अभिषेक जैन, ग्राम पटेल हेमंत सिन्हा, ग्राम प्रमुख घनश्याम ठाकुर, समाजसेवी संतोष जैन, तेजेश्वर बंदे, अशोक शर्मा की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया।

# जल संरक्षण पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित




नवभारत प्रतिनिधि ◆ डोंगरगढ़.
www.navbharat.org

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान 22 दिसम्बर को जल संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई.

जिसमें महाविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया. सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई एवं मुकेश साहू द्वारा जल संरक्षण की महत्ता से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया गया जिसमें कुल 60 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए.